4 MARCH- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 3/4/2024 8:50 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 25 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 5 मार्च 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 युवा लगन से पढ़ाई कर लक्ष्य को हासिल करें



## खबर संक्षेप

### कंचनपुर में पशु मेला का आयोजन कल से

**बैकुण्ठपुर।** उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने बताया है कि पशुधन विकास विभाग द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला मैदान कंचनपुर में 6 एवं 7 मार्च को दो दिवसीय पशु मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में पशुपालकों की संगोष्ठी भी आयोजित की गई है। इसमें पशुपालकों को पशुपालन से होने वाले लाभ और पशुओं में होने वाली बीमारियों से बचाव के तरीकों के संबंध में जानकारी दी जाएगी। पशु मेला में उत्कृष्ट पशुओं को पुरस्कार दिया जाएगा। उप संचालक डॉ. विभा सिंह बघेल ने पशुपालकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम स्थल पर पशुपालकों को अपने पशुओं के साथ इस कार्यक्रम से जुड़ने का आग्रह किया है।

### नेहरू उत्कृष्ट विद्यालय योजनाः चयन परीक्षा 10 को

**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार द्वारा संचालित पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 10 मार्च को चयन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा का समय दोपहर 12 से 2 बजे तक निर्धारित किया गया है, जो शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में आयोजित होगा। चयन परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र जिला कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कोरिया से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी स्वयं की एक फोटोग्राफ साथ में लेकर आए।

### मौसम खुला, हल्के बादल मंडराते रहे

**सोनहत।** मुख्यालय सहित आसपास ग्रामों में 4 मार्च की सुबह से मौसम हल्के तौर पर साफ होता नजर आया। खासकर 10 बजे दिन से पूरे दिनभर खिली धूप बने रहने से आमजन अपने-अपने कामकाज निपटाते नजर आए। विगत दिवस अचानक बदले मौसम से खासकर घरों में कपड़े आदि भींगे रहने से उन्हें धूप दिखने गृहणियां लगभग व्यस्त रही। मौसम साफ का लाभ किसान वर्ग भी लेने अपने सब्जी आदि के फसलों को सहेजने दिनभर खेतों में जुटे रहे। हालांकि वर्तमान मौसम कब बदल जाए ये सुनिश्चित नहीं होने से किसान वर्ग अपने स्तर से फसलों को खेतों में उचित रख-रखाव करने जुट गए हैं।

### शिविर में बनाए गए 93 लर्निंग लाइसेंस

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस व आरटीओ विभाग द्वारा लर्निंग लाइसेंस बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। अभियान के तहत दूसरे दिन 93 व्यक्तियों के लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। बता दें कि सड़क सुरक्षा अभियान अंतर्गत आमनागरिको कों सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सरगुजा पुलिस एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान मे कुल सात दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया हैं। शिविर के दूसरे दिन कुल 93 व्यक्तियों द्वारा लर्निंग लाइसेंस हेतु पीजी कॉलेज स्तिथ ग्राउंड पहुंचकर अपना पंजीयन कराया गया। शिविर में आम नागरिकों को यातायात के नियमो एवं उनका पालन करने की समझाइश भी दी जा रही हैं। पुलिस विभाग द्वारा 8 मार्च तक लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाया जाएगा।

### कीटनाशक पीने से युवक गंभीर

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। ग्राम केवरा निवासी आयुष दुबे आ. श्रवन दुबे आज शाम अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन ने डायल 112 टीम को सूचना दी। सूचना पर डायल 112 की टीम ने युवक को तत्काल अस्पताल में दाखिल कराया जहां युवक का उपचार जारी है।

## कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय पहुंची कोरिया-एमसीबी

# पूरी एकजुटता के साथ लड़ना है चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/मनेन्द्रगढ़

ये चुनाव आप कार्यकर्ता लड़ रहे हैं कमल के चिन्ह पर हमें लड़ना है, कोई न कोई प्रतिनिधि रहता है,उसके प्रतिनिधि के रूप में मुझे अवसर दिया है, मैं आपकी बहन आपको कभी निराश नहीं करूंगी, मैं हमेशा आपके साथ रहूंगी। 10 वर्षो में हमारी जो योजनाएं हैं, उन्हें आगे बढ़ाने के लिए यह चुनाव लड़ा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने जो काम किया ,वह सभी के विकास के लिए किया, हम परिवार वाद के खिलाफ लड़ रहे हैं।

कोरबा में भी कांग्रेस के परिवार वाद के खिलाफ हमें पूरी ताकत से लड़ना है, आप सब मैदान में जाएंगे, हम सब मिलकर एकजुटता के साथ काम करेंगे। उक्त बातें मनेन्द्रगढ़ दौरे पर आई कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए व्यक्त की। कोरबा लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद सुश्री सरोज पाण्डेय के मनेन्द्रगढ़ प्रवास पर स्थानीय कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सर्वप्रथम चैनपुर स्थित नाकेश्वर महादेव मंदिर में सुश्री सरोज पाण्डेय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मोटर सायकिल रैली निकाल कर हरियाणा धर्मशाला पहुंचे। यहां कार्यकर्ता सम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में सुश्री सरोज पाण्डेय का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, कोरबा लोकसभा प्रभारी





भाजपा जिला कार्यालय बैकुंठपुर में संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी।



मनेन्द्रगढ़ में लोकसभा प्रत्याशी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

धरमलाल कौशिक, विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े,भाजपा जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष एमसीबी अनिल केशरवानी, पूर्व जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, रामचरित द्विवेदी, दिनेश्वर मिश्रा, जेके सिंह, राहुल सिंह, सरोज यादव, धीरेन्द्र विश्वकर्मा,संजय सिंह, वीरेन्द्र सिंह राणा, सुरेश सोनी, रामलखन सिंह,आलोक जायसवाल, महेन्द्र प्रताप सिंह, विवेक अग्रवाल, जयाकर, सत्यनारायण विश्वकर्मा, सरजू यादव, आकाश दुआ, आशीष सिंह, धर्मेन्द्र पटवा, दयाशंकर यादव, डॉ. रश्मि सोनकर,रूबी पासी, तुलसी महाराज,पी मनी,अखिलेश मिश्रा, जयंती यादव, चंदन गुप्ता, विनोद गुप्ता, हरि मिश्रा, सुरेन्द्र सिंधवानी, अपूर्व कर, सुरेश श्रीवास्तव, मो. मोबिन, आशीष मजूमदार, अरुणोदय पाण्डेय, विजय पाठक, इरशाद अहमद, आनंद ताम्रकार, रामधुन जायसवाल, पार्षद अजमुद्दीन अंसारी, अधि. गणेश अग्रवाल, श्याम बिहारी रैकवार, ⏭ शेष पेज 4 पर

### चिरमिरी पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



चिरमिरी में उपस्थित मंत्री व अन्य।

**डोमनहिल।** पूर्व सांसद सरोज पांडे ने कहा कि सबका साथ, सबका विश्वास के नारे के साथ लोकसभा चुनाव को लड़ा जाएगा। कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी घोषित होते ही पूर्व सांसद सरोज पांडे 4 मार्च को चिरमिरी क्षेत्र पहुंची, जहां सोनावनी नाका पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। स्वागत पश्चात सांसद बड़ा बाजार चिरमिरी भाजपा कार्यालय पहुंची, वहां भी भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया और अपनी बात रखी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से क्षेत्र की विकास की बात कहते हुए कहा कि इस शहर को यूं ही खत्म नहीं होने दिया जाएगा, भले ही इस शहर में कोयला समाप्त हो रहा है, उसकी जगह में हम क्या कर सकते हैं, इस दिशा में प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर छग में चुनाव लड़ रही हूं, उन्हें कोरबा लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है, सबका साथ और विकास पर लड़ेंगे चुनाव और जीत दर्ज करेंगे। सरोज पांडेय एक साधारण परिवार से निकली तेजतरार नेत्री के रुप में जानी जाती है। वे न केवल प्रदेश बल्कि देश की राजनीति में अपनी पहचान बनाई है। बीजेपी महिला मोर्चा की राष्टीय अध्यक्ष रह चुकी हैं, बीजेपी की राष्टीय महासचिव के पद पर भी काम कर चुकी हैं। वर्तमान में वे पार्टी की राष्टीय उपाध्यक्ष हैं। सरोज पांडेय ने दुर्ग मेयर रहते हुए सबसे लंबे समय तक इस पद पर रहने का रिकार्ड बनाया है। ⏭ शेष पेज 4 पर

## लकड़ी चोर कहने पर दामाद ने कर दी ससुर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

लकड़ी चोर कहने पर नाराज एक दामाद ने ससुर की हत्या कर दी। पूरे मामले का खुलासा कोरिया पुलिस ने किया है। मिली जानकारी के अनुसार संतलाल पिता स्व. मोहन जाति गोड़ उम्र 50 वर्ष निवासी टेंगनी थाना पटना की मृत्यु की सूचना पर मर्ग कायम कर शव पंचनामा कार्रवाई किया गया तो हत्या की बात सामने आई। मामले में एसपी के निर्देशन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में थाना पटना के अपराध क्रमांक 51/2024 धारा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पतासाजी की गई।



- 24 घंटे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

प्रारंभ में धनमेत बाई द्वारा अपने दामाद को बचाने का काफी प्रयास किया गया, किंतु आरोपी पवन के साथी योगेश के द्वारा घटनाक्रम की जानकारी देने पर आरोपी पवन कुमार पिता स्व. राम सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम झंझरीपारा बड़सरा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर के द्वारा बनाई गई झूठी कहानी में उलझ कर पुलिस द्वारा पूछे गए प्रश्नों से घटना की वास्तविकता बताने को विवश हो गया। घटना दिवस 1 मार्च की शाम 4-5 बजे के मध्य ग्राम टेंगनी जूनापारा निवासी धनमेत बाई पति संतलाल मृतक के घर उनका दामाद पवन कुमार अपनी बेटी के पसनी कार्यक्रम का न्यौता देने जूनापारा गया हुआ था। इसी दौरान संतलाल द्वारा पूर्व में अपने दामाद पवन को घर के कंडी लकड़ी को बिना बताए अपने घर चोरी कर ले जाने का आरोप लगाकर भगा दिया गया था। घटना दिनांक को पुनः देखने पर संतलाल द्वारा फिर लकड़ी चोर आ गया कहने पर पवन आवेश में आकर संतलाल से झगड़ा करने लगा।

इस पर सास के द्वारा मना करने पर सास को घर से बाहर निकालकर घर का दरवाजा बंद कर दिया और घर के अंदर रखे टूटे खाट के प्लास्टिक नेवाड़ को निकालकर संतलाल के गले में लपेट कर खींच कर संतलाल की हत्या कर दी और मौके से भाग गया।

घटना कारित करने उपरांत पकड़े जाने से बचने के लिए अपने साथ आए दोस्त योगेश को साथ में ले जाकर तालाब में पहले नहाया और बड़सरा के मंदिर में नारियल चढ़ाकर भगवान से बचने की प्रार्थना की। आरोपी को प्रकरण में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पटना निरीक्षक शीतल सिदार, सहायक उप निरीक्षक लवांग सिंह, प्रधान आरक्षक 354 अमित त्रिपाठी, आरक्षक मनोज मिंज, अमल कुजूर शामिल रहे।





शिवलिंग।

## महाशिवरात्रि पर होगी विशेष पूजा-अर्चना

**मनेन्द्रगढ़।** देवाधिदेव महादेव का पुनीत पर्व महाशिवरात्रि इस वर्ष 8 मार्च को है। इस दिन सभी श्रद्धालु और भक्त शिव की कृपा और शुभाशीष पाने के लिए लालायित रहते हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में नई सब्जी मंडी रोड स्थित शिवमूरतेश्वर महादेव मंदिर में पूजन का विशेष आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर भव्य तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस संबंध में मंदिर के व्यवस्थापक अरविन्द श्रीवास्तव ने बताया कि मंदिर में प्रथम प्रहर की पूजा 6.25 बजे सायं से 9.28 बजे तक होगी। इसी दिन शुक्रवार को द्वितीय प्रहर पूजा 9.28 बजे रात्रि से 12.31 बजे रात्रि तक, तृतीय प्रहर पूजा 12.31 बजे मध्य रात्रि से 3.34 बजे रात्रि तक होगी। चतुर्थ प्रहर पूजा 3.34 बजे से रात्रि से 6.37 बजे से प्रातः तक होगी। चतुर्थ प्रहर के पूजन अभिषेक उपरांत हवन व महाप्रसाद (भंडारा) 9 मार्च की दोपहर 12.30 बजे से प्रारंभ होगा। शिव मुरतेश्वर परिवार के बबीता श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव ने श्रद्धालुओं से विनम्र आग्रह किया है कि अभिषेक, पूजन एवं महाप्रसाद ग्रहण करने (भंडारा ) के लिए सपरिवार पधार कर इस महापर्व के आनंद के क्षणों में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

### अकेला दंतैल पहुंचा राजपुर के रेवतपुर जंगल

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम झेराडीह में शुक्रवार की रात गेंहू की फसल का सिंचाई कर रहे ग्रामीण को मौत के घाट उतारने के बाद अकेले घूम रहा दंतैल रविवार को वनपरिक्षेत्र राजपुर में पहुंच गया है। दंतैल से जानमाल की क्षति की संभावना पर वन अमला ग्रामीणों को जागरूक करने के साथ ही लगातार दंतैल की निगरानी कर रहा है। वन अधिकारी दंतैल के प्रतापपुर जंगल की ओर जाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। दल से अलग होकर लम्बे समय से अकेले भ्रमण कर रहा दंतैल क्षेत्रवासियों की सुरक्षा के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। तीन दिन पहले ही दंतैल जशपुर नगर जंगल से सरगुजा पहुंचा है। तीन महीने पूर्व तीन दिन के भीतर अलग-अलग क्षेत्रों में 5 लोगों को मौत के घाट उतारने के कारण वन अमले के साथ ही क्षेत्रवासी भारी दहशत में है। दंतैल दिन में भी आबादी क्षेत्र में पहुंच जा रहा है जिससे खतरा अत्याधिक बढ़ गया है।

## कलयुगी पुत्र ने मां की हत्या कर शव को टंकी में डाला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नागपुर

एमसीबी जिले अंतर्गत नागपुर के ग्राम सरोला देवारीपारा निवासी कलयुगी पुत्र ने अपने 56 वर्षीय मां सोनमती कुर्रे की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

घटना 1 मार्च की है, आरोपी कलयुगी पुत्र ने अपने घर में निर्ममता पूर्वक हत्या करके शव को घर के ही एक कमरे में रखे खाली पानी टंकी में डालकर ऊपर से ढक्कन बंद करके उसी कमरे में दो रात्रि सोता भी रहा तथा घटना दिवस मनेन्द्रगढ़ से शाम को लौटे पिता भजनलाल कुर्रे के पूछने पर कलयुगी हत्यारा पुत्र अर्जेश कुर्रे ने बताया कि मां पता नहीं कहां चली गई है,4 मार्च की सुबह जब पिता भजन ने पुत्र अर्जेश का कमरा जबरन खुलवाकर ढूंढने पर सेंटेक्स से बदबू आने पर उसका ढक्कन खोलने पर अपने पत्नी की रक्त रंजित शव को पाकर हतप्रभ रह गया। नागपुर पुलिस सूचना पाकर सीएसपी के नेतृत्व में जांच कार्रवाई कर आरोपी कलयुगी पुत्र को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना जुर्म कबूल लिया है। आरोपी के खिलाफ हत्या का जुर्म पंजीबद्ध कर नागपुर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।



जांच करती पुलिस टीम।

## समितियों से धान का उठाव शीघ्र हो, समिति प्रबंधक पहुंचे कलेक्टर के पास

**बैकुंठपुर।** धान खरीदी खत्म हुए 1 महिना गुजर जाने के बाद भी अब तक समितियों में धान का उठाव नहीं हो सका है। आए दिन खराब मौसम के कारण धान भींगकर खराब हो रहा है।

इस समस्या को लेकर जिलेभर के समिति प्रबंधक सोमवार को कलेक्टर के पास पहुंचे और लिखित रुप से अपनी समस्याएं बताइं। सहकारी समिति कर्मचारी संघ कोरिया के जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्र कोरिया एवं एमसीबी जिला में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी की गई है, जबकि धान खरीदी अनुबंध में कंडिका क्रमांक 2.7 के अनुसार 72 घंटे के भीतर उपार्जित धान का उठाव करने का उल्लेख है एवं कंडिका क्रमांक 2.8 में स्पष्ट उल्लेख है कि एजेंट समिति द्वारा खरीदे गए संपूर्ण धान का उठाव 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से करा लिया जाएगा, जिसकी अवधि बीत चुकी है दूसरी ओर धान खरीदी समापन हुए 4 फरवरी से एक माह बीत चुका है, परंतु समितियों में भारी मात्रा में धान का स्टाक शेष है, चूँकि उपार्जन केन्द्र में धान खरीदी का कार्य एजेंट के रूप में करती है और लंबे समय तक धान का भंडारण कर स्टाक रखना उपार्जन केन्द्र में संभव नहीं है। उपार्जन केन्द्र में अधिक समय तक धान का भंडारण रखने से सुखत, अतिरिक्त चौकीदारी, असमायिक वर्षा और तेज हवा-तुफान से क्षति तथा चूहों से बहुत नुकसान हो रहा है, जिसका संपूर्ण खामियाजा समिति प्रबंधक, धान खरीदी प्रभारी तथा समिति कर्मचारियों को भुगतान करना पड़ता है। जिलाध्यक्ष श्री साहू ने शीघ्र धान का उठाव कराए जाने की मांग की है, उन्होंने कहा कि यदि समय पर धान का उठाव नहीं किया जाता है जो भी नुकसान हो रहा है।







## नर्सिंग कॉलेज में विदाई और स्वागत समारोह

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में बीएससी प्रथम सेमेस्टर का स्वागता समारोह एवं बीएससी चतुर्थ वर्ष की विदाई समारोह के उपलक्ष में संस्था में 2 मार्च को जिला पंचायत के ऑडिटोरियम में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि श्रीमती वंदना जायसवाल के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। अतिथियों के सम्मान उपरांत स्वागत नृत्य छात्रा पुष्पांजलि एवं ग्रुप के द्वारा प्रस्तुति दी गई। अतिथियों के द्वारा नर्सिंग शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया। विदाई समारोह में जूनियर बैच के द्वारा सीनियर बैच का सम्मान किया गया। सीनियर बैच ने अपने 4 वर्ष का अनुभव साझा किया एवं संस्था की सराहना करते हुए छात्राओं के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। बीएससी प्रथम सेमेस्टर का टीका एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। विविध कार्यक्रम रैम्प वॉक, गेम्स, सामूहिक नृत्य बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। मिस ईव एवं मिस न्यू लाइफ का खिताब मुख्य अतिथियों के द्वारा बीएससी नर्सिंग की छात्रा मिस ईव आरती पैकरा एवं न्यू लाईफ मिस रीतु एवं मिस नाईटएंगल मिस साहिबा खान को नवाजा गया। बीएससी प्रथम सेमेस्टर से मिस फ्रेशर रीतु रानी गुप्ता एवं मिस्टर फ्रेशर विश्वनाथ को नवाजा गया। अतिथियों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना की गई। धन्यवाद ज्ञापन बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुमन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमएससी एवं बीएससी नर्सिंग फैकल्टी के मार्गदर्शन में बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल एवं नर्सिंग फैकल्टी की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया।

### औचक निरीक्षण कर सुनीं समस्याएं

# स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास और तहसील पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सोमवार को बचरापोड़ी तहसील कार्यालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बचरापोंड़ी, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय और तहसील का औचक निरीक्षण किया। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री लंगेह ने ग्राम पड़ीता में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया, इसके पश्चात उन्होंने किसानों से ओलावृष्टि से हुई हानि की जानकारी ली।

उन्होंने लैब तकनीशियन से प्रतिदिन होने वाले जांच के संबंध में जानकारी ली तथा लेप्रोसी टेस्ट बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्र में शौचालय तथा परिसर का नियमित साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। ग्राम पड़ती में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर श्री लंगेह ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। ग्राम पड़ती में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने नलों के लिए बनाए गए ⏭ शेष पेज 4 पर





निरीक्षण करते कलेक्टर विनय कुमार लंगेह।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों से की बात

इसीक्रम में कलेक्टर श्री लंगेह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वार्ड, प्रसव केन्द्र, स्टोर रूम, लैब रूम तथा ओपीडी पंजी का निरीक्षण किया साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में भर्ती मरीजों से बात कर उनके स्वास्थ्य और चिकित्सा के संबंध में जानकारी ली।

### छात्रावास में बच्चों से पूछे सवाल

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई हॉस्टल की व्यवस्था, पानी की समस्या जैसे मुद्दों पर चर्चा की और उनसे सवाल पूछा। बच्चों द्वारा मिले जवाबों से खुश होकर उन्होंने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। छात्रावास अधीक्षिका व बच्चों ने कलेक्टर के समक्ष पानी और बिजली से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने हर संभव निराकरण करने की बात कही।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## हैली बीबर की बहन एरोनो गिरफ्तार बारटेंडर पर फेंका टैम्पोन और बाउंसर



अभिनेत्री हैली बीबर की बहन और अभिनेता स्टीफन बाल्डविन की बेटी अलाया बाल्डविन एरोनो इन दिनों सुर्खियों में हैं। जानकारी के अनुसार, एरोनो को पिछले सप्ताहांत जॉर्जिया के सवाना में एक बार में झगड़े के बाद मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। कथित तौर पर, उन्होंने एक बारटेंडर पर इस्तेमाल किया हुआ टैम्पोन फेंक दिया साथ ही कई बार कर्मचारियों पर भी हमला किया था।

रिपोर्ट के अनुसार, सवाना पुलिस विभाग के अधिकारियों को लगभग 2:30 बजे सवाना शहर के क्लब एलान में भेजा गया था। बार प्रबंधक ने अधिकारियों को सूचित किया कि अलाया ने कथित तौर पर कई कर्मचारियों पर हमला किया था क्योंकि वे उन्हें बार से बाहर ले जा रहे थे। जब उन्होंने वहां टॉयलेट और उल्टी कर दी थी। पुलिस रिपोर्ट में कहा गया है कि बार के सुरक्षा कैमरों ने एरोनो को एक बाथरूम का उपयोग करने की कोशिश करते हुए कैद किया जो केवल कर्मचारियों के लिए था। बार कर्मचारियों ने उन्हें रोक दिया और उन्हें सार्वजनिक बाथरूम में जाने के लिए कहा। उन्हें यह बात पसंद नहीं आई और उन्होंने उनसे झगड़ना शुरू कर दिया। बार का आरोप है कि वह बहुत ज्यादा हिंसक हो गई थीं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि उन्होंने एक बाउंसर के बाल खींचे और दूसरे की कमर में लात मारी।

एरोनो को बार से निकाल दिया गया, लेकिन वह नहीं गईं।

### टॉलीवुड

## नए प्रोजेक्ट पर जुटीं ऐश्वर्या रजनीकांत, फिल्म में नजर आ सकते हैं यह अभिनेता



ऐश्वर्या रजनीकांत के निर्देशन में बनी फिल्म लाल सलाम हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म से उन्होंने बतौर निर्देशक कॉलीवुड में नौ साल बाद वापसी की है। हालांकि, रजनीकांत के एक्सटेंडेड कैमियो के बाद भी फिल्म बॉक्स ऑफिस कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इस बीच, अब उनके एक नए प्रोजेक्ट के लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे अब अपने अगली फिल्म पर काम शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि उनकी इस फिल्म में अभिनेता सिद्धार्थ नजर आ सकते हैं।

एक रिपोर्ट के दावों की मानें तो निर्देशक ने अभिनेता को फिल्म का वन लाइनर बताया है, जो सिद्धार्थ काफी पसंद आया है। कहा जा रहा है कि ऐश्वर्या रजनीकांत की फिल्म की स्क्रिप्ट अगर अच्छी लगी तो इस फिल्म में सिद्धार्थ इसमें अहम किरदार निभाते नजर आ सकते हैं।

ऐश्वर्या की पिछली रिलीज फिल्म 'लाल सलाम' की बात करें तो यह एक पॉलिटिकल स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म थी। फिल्म में विक्रांत और विष्णु विशाल लीड रोल में दिखे थे। इसमें रजनीकांत और कपिल देव ने कैमियो रोल निभाया था। इसका संगीत मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान ने तैयार किया गया था। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था।

वहीं, सिद्धार्थ आखिरी बार तमिल फिल्म 'चिट्ठा' में नजर आए थे।

### भोजपुरी

## खेसारी का अंदाज, बोले, 'मुझे किसी से बैर नहीं जो वतन का नहीं उसकी..'



भोजपुरी सिनेमा के गायक-अभिनेता खेसारी लाल यादव की नई फिल्म 'रंग दे बसंती' का दमदार ट्रेलर फिल्म के मेकर्स ने आज लांच किया है। देशभक्ति पर आधारित इस फिल्म में खेसारी लाल यादव एक फौजी की भूमिका निभा रहे हैं, जो कश्मीर की वादियों से आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों पर कहर बनकर टूट पड़ता है। इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अब देश का हिन्दू वह नहीं रहा, अब दुनिया की कोई ताकत उसके टुकड़े नहीं कर सकती है। फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत कश्मीर की खूबसूरत वादियों से होती है जब एक आतंकवादी आर्मी की जीप को उड़ा देता है। फिल्म का नायक उस आतंकवादी को पकड़ लेता है और कहता है, 'मुझे किसी से बैर नहीं, लेकिन जो वतन का नहीं उसकी खैर नहीं। आतंकवादी कहता है, 'शेर जब पिंजरे में बंद होता है तो बच्चे उसे मूंगफली फेंककर मारते हैं।' हीरो कहता है, 'शेर नहीं, सुअर है हूं।' इस फिल्म के ट्रेलर में हिन्दुत्व की बात की गई है। फिल्म का नायक कहता है, 'हिन्दू वह नहीं, जो पहले हुआ करता करता था, अब दुनिया की कोई ताकत टुकड़ा टुकड़ा नहीं कर सकती है, जय श्रीराम।' फिल्म के ट्रेलर के ट्रेलर में आगे दिखाया गया है कि नायिका अपने पति को टीका लगाते हुए कहती है, 'मर्द क पहचान उकरा काम से होला, पत्नी से ना, फर्ज सर्वोपरि होला।' फिल्म का नायक अपनी पत्नी से कहता है, 'जानेलू काहे एक फौजी बॉर्डर पर दुश्मन क सामना कर पावेला, काहे कि फौजी के पत्नी क हौसला और साथ रहेला।' फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि नायक कश्मीर घाटी में एक-एक आतंकवादी को चुन चुन कर मार रहा है। एक आतंकवादी कहता है, 'कौन हैं तू बे गुस्ताख।' नायक कहता है, 'तेरी मौत की परछाई, तेरी सल्तनत की तबाही हैं हम, तेरी हर नसल को बर्बाद कर देंगे। हिंद के सिपाही हैं हम।' काफी लंबे समय के बाद अभिनेता खेसारी लाल यादव फिल्म के ट्रेलर में दमदार भूमिका में दिख रहे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव एक ऐसे फौजी की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है।

## रैम्प के बाहर का हुस्न

लाइफ स्टाइल



अमेरिका की समारा वीविंग और निकोल किडमैन जानी मानी मॉडल हैं। पिछले दिनों लॉस एंजेलिस के बैलेंसियागा फैशन ब्रांड के एक शो में इन दोनों मॉडल की चर्चा रैम्प के बजाए बाहर के गलियारों में ज्यादा रही। दरअसल, रैम्प पर हर मॉडल अपने पसंदीदा फैशन डिजाइनर के कलेक्शन के साथ उतरता है लेकिन रैम्प के बाहर ही अगर मॉडल की चर्चा ज्यादा होने लगे तो उसे क्या कहिए। इन दोनों मॉडल को सोशल मीडिया पर भी खूब हिट्स मिले।

## नायरा कट सूट में चाहिए परफेक्ट लुक तो जरूर अपनाएं ये टिप्स



फैशन



जब भी कोई फेस्टिवल या फिर वेडिंग सीजन होता है तो मार्केट में काफी अच्छे डिजाइन और लेटेस्ट ट्रेंड के कपड़े देखने को मिलते हैं। जैसे की अगर आप मार्केट से सूट खरीदने जा रही हैं तो वहां पर आपको इतने सुंदर डिजाइन के सूट दिखेंगे, जिन्हें पहनना आप काफी पसंद करेंगे। नायरा कट सूट का फैशन भी काफी चल रहा है। कई सारी लड़कियां ऐसी हैं जो इन्हें शादी या फिर ऑफिस में भी पहने नजर आती हैं। लेकिन आपको इसे पहनने से पहले कई सारी बातें जानना जरूरी हैं ताकि आपका लुक परफेक्ट लगे। चलिए आपको इस आर्टिकल में इनकी जानकारी देते हैं।

### सूट फिटिंग का रखें ध्यान

नायरा कट सूट काफी खुले-खुले होते हैं। इसलिए कई सारी लड़कियां इन्हें वियर करना पसंद करती हैं। वहीं कुछ को इसके स्लिट पसंद होते हैं इसलिए वो इन्हें वियर करती हैं। लेकिन अगर आप इसे ज्यादा लूज या फिर टाइट खरीदेंगी तो इसमें आपका लुक बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी फिटिंग का खास ध्यान रखें ताकि जब आप इसे वियर करें तो ये अटपटा न लगे बल्कि पहनने के बाद काफी अच्छा नजर आए।

### सूट को आयरन करके पहने

सूट अलग-अलग फेब्रिक के आते हैं लेकिन नायरा कट सूट ज्यादातर आपको रेयॉन फैब्रिक के मिलेंगे। इस तरीके के फैब्रिक (लेटेस्ट सूट डिजाइन) के कपड़े पहनने के बाद तभी अच्छे लगते हैं जब उनमें अच्छे से प्रेस की गई हो। ऐसे में जरूरी है कि आप अपने कपड़ों में अच्छे से प्रेस करें ताकि वो साफ और शाइनी लगे.। आपको बता दें कि कपड़ों को प्रेस करके पहनने से उनमें एक अलग ही चमक आ जाती है।

## गर्मियों में लिपिस्टक का कलर चुनने में बरतें सावधानी



गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। गर्मियों में कपड़ों के साथ ही लिपस्टिक का चुनाव भी ध्यानपूर्वक करना चाहिए। जो आपके लुक्स में चार चांद लगा देते हैं। गर्मी के दिनों में पसीना बहुता ज्यादा आता है और ये आपके मेकअप को बर्बाद कर सकता है। बदलते मौसम में न सिर्फ आपके वॉर्डरोब में बदलाव की जरूरत होती है, बल्कि आपके कॉस्मेटिक्स खासकर फाउंडेशन, काजल, आईलाइनर और काजल के साथ लिपस्टिक को भी बदलने की जरूरत है। जो आपको सुंदर बनाने में मदद करते है।

**रेड लिपस्टिक का करें इस्तेमाल:** लाल रंग के शेड्स बोल्ड और ब्यूटीफुल माने जाते हैं। इसे व्हाइट या ब्लैक कलर के ड्रेस के साथ लगा सकते हैं। ये बोल्ड लुक देता है।

**बरगंडी कलर के लिपस्टिक का करें इस्तेमाल:** गर्मियों में आप बरगंडी कलर के लिपस्टिक या लिप लाइनर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये हर स्किन टोन पर सूट करता है।

**गुलाबी रंग के लिपस्टिक का करें चुनाव:** गर्मी में गुलाबी रंग के लिपस्टिक से बेहतर कुछ भी नहीं है। इसको लगाने से आप खूबसूरत और हसीन नजर आएंगी।

**ब्राउन लिपस्टिक का करें चुनाव:** ज्यादातर महिलाओं को पसंद आने वाले लिपस्टिक के रंगों में से एक है ब्राउन। इस तरह के शेड्स नियमित रूप से दिन और शाम की पार्टियों में आपकी सुंदरता को बढ़ा देंगे।

डार्क बेरी टोन करें ट्राई

डार्क बेरी टोन महिलाओं में सबसे लोकप्रिय लिपस्टिक है। इसमें लाइट और ड्रार्क कलर के लिपस्टिक शामिल होते है। ये आपकी खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं।

## नई दुल्हन पर खूब जचेंगी परंपरागत फैशन की साड़ियां



साड़ी एक भारतीय परिधान है, जिसे हर महिला पहनना पसंद करती है। चाहे महिलाएं किसी भी उम्र के पड़ाव पर पहुंच जाएं वो साड़ी पहनने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। आज का समय तो ऐसा है कि, एयर होस्टेज से लेकर हर जगह पर महिलाएं काफी गर्व के साथ साड़ी पहनती हैं। खासतौर पर अगर बात की जाए उन लड़कियों की, जिनकी नई-नई शादी हुई है, वो काफी शौक से साड़ी पहनती हैं। ज्यादातर लड़कियों को साड़ी पहनकर सजना और संवरना काफी अच्छा लगता है।

**बनारसी साड़ी:** ज्यादातर लोगों को नई दुल्हनों पर बनारसी साड़ी ही पसंद आती है। ऐसे में आप भी अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए बनारसी साड़ियों का इस्तेमाल कर सकते हैं। बनारसी साड़ी ज्यादातर चटक कलरों में ही आती हैं।

**चिकनकारी साड़:ी** अगर आपको हल्की साड़ियां पसंद हैं तो लखनऊ की मशहूर चिकनकारी वर्क वाली साड़ी आप कैरी कर सकती हैं। चिकनकारी वर्क की साड़ी पेस्टल रंगों में मिल जाती हैं। ऐसे में ये आजकल की लड़कियों को काफी पसंद भी आती है।

**कांजीवरम सिल्क :** नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें।

## एथनिक से लेकर वेस्टर्न तक अपनाइए दीपिका का अंदाज, लगेगा बेहद क्लासी



अपनी हर फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वालीं बॉलीवुड की धमाकेदार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण किसी पहचान की मोहताज नहीं है। आज ही उन्होंने और रणवीर सिंह ने अपने फैंस को एक गुड न्यूज दी है। दरअसल, दीपिका मां बनने वाली हैं और वो आगामी सितंबर के महीने में अपने बच्चे को जन्म देंगी। ये खबर आने के बाद उनके फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है। लोग उन्हें सोशल मीडियाा पर बधाईयां दे रहे हैं।

**साड़ी:** हाल ही में बाफ्टा अवॉर्ड शो के दौरान ही दीपिका को साड़ी में देखा गया। अक्सर वो इवेंट्स में साड़ी पहनकर ही जाती हैं। साड़ी में एक्ट्रेस इतनी खूबसूरत दिखती हैं, कि आप उन्हें देखकर उनपर से नजरें नहीं हटा सकते।

**सूट:** हर भारतीय महिला की तरह दीपिका भी पूजा-पाठ के दौरान सूट पहनना पसंद करती हैं। उनपर सूट लगता भी काफी खूबसूरत है। अक्सर इस तरह की तस्वीरें वो साझा करती रहती हैं।

**फ्लोरल ड्रेस:** दीपिका की तस्वीरों को देखकर लगता है, कि उन्हें फ्लोरल प्रिंट काफी पसंद है। उनके पास इस तरह की काफी ड्रेस हैं। खास बात ये है कि उनपर ये फ्लोरल प्रिंट लगता भी काफी खूबसूरत है।

ऐसे में वो अक्सर इसे पहनती हैं।

## कार्नर न्यूज

### बूट पहनने के नियम पर जरूर करें अमल, जिससे न हो कोई मिस्टेक

## बूट पहनें सलीके से, जींस के साथ रखेंगे मैचिंग तो लोग करेंगे आपकी तारीफ

*बूट्स पहनना कोई कठिन काम नहीं है। क्योंकि मुझे बूट्स बहुत पसंद हैं। शायद आप भी यही बात कहें। बूट्स पहनने वाले पुरुषों का एक दमदार रूआब दिखता है। मगर ये बात आपके बूट्स पहनने के तरीके पर निर्भर करती है। अगर सही ढंग से नहीं पहने तो मजाक भी उड़ सकता है। इसलिए सामान्य जूतों की तुलना में बूट्स को कैरी करना थोड़ा पेचीदा है। लेकिन नामुमकिन नहीं। जिस तरह आप जूते पहनने की गलती को समझ गए हैं, वैसे ही अब बूट्स पहनने के नियम जान लें। ताकि आप किसी प्रकार की फैशन मिस्टेक न करें। इसके बाद आप भी बूट्स में धांसू नजर आ सकेंगे। बूट्स के प्रकार बूट्स भी एक नहीं स्टाइल-डिजाइन और कलर के आधार पर कई प्रकार के होते हैं। इनमें कॉमबेट बूट्स, लेस अप बूट्स, एंकल बूट्स, बाइकर बूट्स, चेल्सा बूट्स और टिंबरलैंड बूट्स जैसे कई बूट्स वजन के आधार पर भी निर्भर करते हैं।*



### कब पहने बूट्स

जब मन किया और जिसके साथ मन किया, उसके साथ बूट्स को नहीं पहन सकते हैं। कभी भी बूट्स को फॉर्मल ड्रेस के साथ पहनने की गलती न करें। साथ ही एथनिक ड्रेस के साथ भी न पहनें। इसे फैशन मिस्टेक माना जाता है। बाइकिंग यानी ट्रैवलिंग के दौरान बूट्स को पहनकर जा सकते हैं। इसके लिए बाइकर बूट्स सही माने जाते हैं।

### परफेक्ट साइज की पहने पैंट

बूट्स पहनने वालों को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए। बूट्स के साथ परफेक्ट साइज और लेंथ वाली पैंट ही पहनें। कभी भी बूट्स के साथ एंकल पैंट न पहनें और न ही बहुत लंबी पैंट पहननी चाहिए। ऐसी पैंट पहने, जो कि आपके बूट्स के ऊपरी हिस्से को कवर कर सके।

### जींस की लेंथ को मोड़कर पहनें

कई बार हमारी जींस की लेंथ लंबी होती है। इस लेंथ वाली जींस को आप स्नीकर्स या किसी अन्य शूज के साथ पहन सकते हैं। लेकिन बूट्स पहनने का नियम कहता है कि जींस की लेंथ को मोड़ दें। एक या दो बार लेंथ को फोल्ड कर देने से बूट्स का लुक निखरकर आता है।

### सही रंग के बूट्स पहनें

बूट्स भी जूतों की तरह कई रंग के मिलते हैं। मगर शूज का कलर मैचिंग करें। किसी भी तरह की ड्रेस के साथ किसी भी रंग के बूट्स को नहीं पहन सकते। अगर ज्यादा कंफ्यूजन हो रहा है तो कॉमन कलर के बूट्स (काला, भूरा, मरून) लें। इनको आप अधिकतर ड्रेस के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं।

### बूट्स और मोजों की मैचिंग

आपने देखा होगा या खुद कभी न कभी ये गलती कर दी होगी। पुरुष मोजे पहनते समय गलती करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। इसलिए ध्यान रहे कि बूट्स के साथ हमेशा एंकल लेंथ वाले मोजे पहनें। ऐसे सॉक्स न पहने, जो कि जूते से बाहर दिखाई पड़े।



# 'नाटू-नाटू' पर झूमे तीनों खान, नाचीं जाह्नवी, अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग की गरबा नाइट में मची धूम




मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग फंक्शन का दूसरा दिन काफी शानदार रहा। जहां दिन में फैमिली और मेहमानों पर जंगल फीवर चढ़ा रहा तो वहीं रात में गरबा परफॉर्मेंस से महफिल गुलजार रही। ऐसे में बॉलीवुड के अनगिनत दिग्गज सितारे एक साथ मंच पर थिरकते दिखाई दिए। बॉलीवुड सितारों ने एक के बाद एक शानदार परफॉर्मेंस देकर शाम को रंगीन कर दिया। आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने भी केसरिया गाने पर आकाश अंबानी और श्लोका मेहता के साथ डांस किया।

जामनगर। सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान से लेकर रामचरण तक ने अपने डांस से महफिल में रंग जमाया. तो वहीं रणवीर सिंह-दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर-आलिया भट्ट ने भी अपनी परफॉर्मेंस से फंक्शन में चार चांद लगाए। पहले दिन रिहाना तो दूसरे दिन एकॉन जैसे इंटरनेशनल स्टार्स ने माहौल जमाया। गरबा नाइट में स्टेज परफॉर्मेंसेज ऐसे हुए जैसे किसी अवॉर्ड फंक्शन में होते हैं।

## नाटू-नाटू पर जमकर नाचे तीनों खान

शाहरुख, सलमान और आमिर खान के फैंस तीनों को एक साथ देखने के लिए बेताब रहते हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग की गरबा नाइट में तीनों खान ने नाटू-नाटू गाने पर एक साथ जोरदार डांस किया। इस दौरान तीनों स्टार्स किंग खान का सिग्नेचर स्टेप करते भी नजर आए।





## रणवीर ने यूं किया जल्द पिता बनने का एलान

रणवीर सिंह ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग के दौरान फनी अंदाज में अपने जल्द पिता बनने की अनाउंसमेंट की। उन्होंने कहा- मेरा बच्चा होने वाला है। इसके बाद उन्होंने वाइफ दीपिका पादुकोण के लिए सरेआम अपने प्यार का इजहार किया और गाने गल्ला गूड़िया पर उनके साथ जमकर डांस भी किया।


**लेजा-लेजा पर इन एक्ट्रेसेस ने लगाए ठुमके:** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग में जाह्नवी कपूर, अनन्या पांडे, सारा अली खान और खुशी कपूर ने एक साथ डांस किया। लेजा-लेजा गाने पर चारों एक्ट्रेसेस ने कॉस्ट्यूम डिजाइनर मनीष मल्होत्रा संग खूब ठुमके लगाए।



**दिलजीत दोसांझ और अक्षय ने भी बांधा समा :** पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ ने अपने कई शानदार गानों के साथ प्री-वेडिंग फंक्शन में माहौल बना दिया। इसके अलावा अक्षय कुमार ने भी मशहूर पंजाबी गाने 'गुड़ नाल इश्क मीठा' को गाकर समा बांध दिया।





# द साबरमती रिपोर्ट में एंकर बन रहस्य खोलेंगे विक्रांत

**मुंबई।** फिल्म 12वीं फेल से धमाल मचाने वाले एक्टर विक्रांत मैसी अब एक नया और सनसनीखेज प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। एक्टर विक्रांत अपनी अगली फिल्म से एक बार फिर धमाल मचाने को लिए तैयार हैं। उनकी अगली फिल्म का नाम ''द साबरमती रिपोर्ट'' है। जिसमें वो न्यूज एंकर के किरदार में नजर आने वाले हैं। उन्होंने इस फिल्म का टीजर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। यह फिल्म एक सत्य घटना पर आधारित है जो पुराने कई गड़े मुर्दों को बाहर ला सकती है। विक्रांत मैसी ने 'द साबरमती रिपोर्ट' 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की कहानी 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में साबरमती ट्रेन पर हुए अटैक और उसमें अपनी जान गंवाने वाले 59 लोगों पर आधारित है।

लाइफ Style

# तापसी पन्नू

## लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संग कर रही हैं शादी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

हर साल की तरह इस साल भी फिल्म इंडस्ट्री में शादी का सिलसिला लगातार जारी है। साल की शुरुआत में आमिर खान की बेटी इरा खान ने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड नूपुर शिखरे संग शादी की थी। इसके बाद हाल ही में रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी ने गोवा में ड्रीमी वेडिंग की।

कपल की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। वहीं अब बी टाउन में एक और एक्ट्रेस दुल्हन बनने की तैयारी कर रही हैं। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं फिल्म 'डंकी' की एक्ट्रेस तापसी पन्नू हैं। खबरें हैं कि तापसी लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड संग जल्द ही शादी करने जा रही हैं। तापसी पिछले 10 साल से इंडिया बैडमिंटन टीम के कोच मैथियास बो के साथ रिलेशनशिप में हैं। खबरों के मुताबिक, तापसी और मैथियास मार्च के एंड में उदयपुर में एक सिख-ईसाई समारोह में शादी कर सकते हैं। खबरें ये भी हैं कि ये शादी बेहद इंटीमेट वेडिंग होगी। हालांकि, कपल ने अपनी शादी को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट अभी नहीं की है। तापसी पन्नू के वर्क फ्रंट की बात करें तो तापसी अरशद सैयद की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'वो लड़की है कहां' में नजर आएंगी। इस फिल्म में वे प्रतीक बब्बर और प्रतीक गांधी संग स्क्रीन शेयर करेंगी। इसके अलावा तापसी के अपकमिंग प्रोजेक्ट में 'हसीन दिलरुबा' का मोस्ट अवेटेड सीक्वल 'फिर आई हसीन दिलरुबा' भी है।



हॉलीवुड मसाला

# डेमी मूर हुई हैरान पूर्व पति ब्रूस उन्हें पहचानने में असफल रहे

**लॉस एंजिलस।** प्रसिद्ध हॉलीवुड पुरस्कार विजेता स्टार 60 वर्षीय अभिनेत्री डेमी मूर ने एक वाक्या सोशल मीडिया में साझा किया है कि उन्हें हाल ही में दर्दनाक हृदय-विदारक क्षणों का अनुभव हुआ, जब उनके पूर्व पति अमेरिकी सेवानिवृत्त स्टार अभिनेता ब्रूस विलिस (68 वर्ष) उन्हें पहचानने में विफल रहे। जब वह इटली में अपनी छुट्टियों से व्यक्तिगत रूप से उनसे मिलने आई थी। मूर ने कहा कि ब्रूस मेरा वही पूर्व पति है जिसके साथ वह तेरह साल तक शादीशुदा रही और उनकी तीन बेटियों को जन्म दिया। जब वह इटली में थी, तो भावुक डेमी ने कहा कि वह अपने तीन बच्चों और ब्रूस की वर्तमान पत्नी 45 वर्षीय एम्मा हेमिंग विलिस के संपर्क में रही, जो एक लोकप्रिय ब्रिटिश-अमेरिकी स्टार-मॉडल हैं। व्यथित डेमी ने यह भी साझा किया कि उसे इस बात का अंदाजा नहीं था कि ब्रूस की अपक्षयी मानसिक बीमारी (मनोभ्रंश) इतनी बढ़ गई है कि उसकी पिछली याददाश्त लगातार ख़त्म होती जा रही है।




# दृश्यम की बनेगी हॉलीवुड रीमेक...

**लॉस एंजिलस।** अजय देवगन स्टारर फिल्म 'दृश्यम' के फ्रेंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाई थी। फिल्म निर्माता कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2023 में थ्रिलर फ्रेंचाइजी के कोरियाई रीमेक की घोषणा की। पनोरमा स्टूडियोज ने हॉलीवुड में दृश्यम बनाने के लिए गल्फस्ट्रीम पिक्चर्स और जोट फिल्म्स के साथ हाथ मिलाया है, जो किसी भारतीय फिल्म के लिए पहली फिल्म है। जोट फिल्म्स के संस्थापक जैक गुयेन ने कहा दृश्यम की एक अनूठी लेकिन स्थायी कहानी है। यह एक दिलचस्प बिल्ली और चूहे की कहानी में नाटक, भावनात्मक उतार-चढ़ाव को जोड़ती है। हमारा रूपांतरण निस्संदेह दर्शकों को उनकी सीटों से बांधे रखेगा। वहीं मंगत पाठक ने बताया कि दृश्यम को अमेरिका और कोरिया में विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य देशों पर भी विचार किया जा रहा है। कोरिया और हॉलीवुड के बाद, हमारा मिशन अगले तीन से पांच वर्षों में 10 देशों में दृश्यम का उत्पादन करना है।



टीवी न्यूज

# 'प्रचंड अशोक' शो में मायरा का विषकन्या का किरदार



**मुंबई।** दर्शकों को भारतीय इतिहास के इतिहास से रूबरू कराते हुए, कलर्स का 'प्रचंड अशोक' अपने प्रीमियर के बाद से ही दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। कलर्स पर हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:00 बजे प्रसारित होने वाले इस शो में सम्राट अशोक के रूप में अदनान खान और राजकुमारी कौरवकी के रूप में मल्लिका सिंह अभिनीत, यह शो दो ऐतिहासिक दिग्गजों की प्रेम कहानी को उजागर करता है जो एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, लेकिन सत्ता की महत्वाकांक्षा और प्यार पाने की इच्छा के बीच नियति उन्हें एक साथ लाती है। इस महान रचना में मायरा मिश्रा शामिल होंगी जो एक रहस्यमय चरित्र (विषकन्या) की कैमियो भूमिका में नजर आएंगी। वर्तमान कहानी में, सम्राट अशोक और देवी की शादी की तैयारियों के बीच, एक विषकन्या सम्राट अशोक को बहकाने और मारने का प्रयास करती है। उसके प्रयासों के बावजूद, सम्राट अशोक सतर्क रहता है और उसका सामना करता है, जिससे पता चलता है कि वह उसकी असली पहचान हमेशा से जानता था। यह जानने पर कि उसके अपने पिता ने ही उसकी हत्या की सुपारी दी थी, क्या वह भीतर से टूट जाएगा? कैमियो भूमिका निभाने के लिए उत्साहित मायरा मिश्रा कहती हैं, मैं ऐसे शो में शामिल होकर सम्मानित महसूस कर रही हूं जिसने अपने शानदार दृश्यों और सम्मोहक कहानी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मैं ऐतिहासिक रोमांस का हिस्सा बनकर सौभाग्यशाली महसूस करता हूं क्योंकि यह शैली लंबे समय से मेरी इच्छा सूची में रही है। यद्यपि विषकन्या के रूप में मेरी भूमिका संक्षिप्त है, लेकिन यह नाटकीय होने का वादा करती है और मैं दर्शकों को शो में मेरी प्रविष्टि से आने वाले उतार-चढ़ाव का अनुभव करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

# औरों में कहां दम था में फिर धमाल मचाएगी अजय-तब्बू की जोड़ी



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और अभिनेत्री तब्बू की आने वाली फिल्म 'औरों में कहां दम था' जून में रिलीज हो सकती है। बॉलीवुड निर्देशक नीरज पांडे अपनी आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म औरों में कहां दम था अपने पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। फिल्म रोमांटिक म्यूजिकल लव स्टोरी है। नीरज पांडे ने कहा कि यह फिल्म जून में रिलीज होगी। हम फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा करने के लिए हम जल्द ही एक टीजर और ट्रेलर लाएंगे। फिल्म पहले 26 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म में अजय देवगन, तब्बू, जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर समेत कई कलाकार हैं।

# बदला लेने गए और फिर भागम-भाग, उलझन...



**मुंबई।** ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया की फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब में वरुण शर्मा, सनी सिंह, मंजोत सिंह और जस्सी गिल की मुख्य भूमिका है। गुलशन कुमार और भूषण कुमार प्रस्तुत वाइल्ड वाइल्ड पंजाब को सिमरप्रीत सिंह ने निर्देशित किया है और लव रंजन और अंकुर गर्ग ने प्रोड्यूस किया है। टीजर को शेयर करते हुए लिखा गया, चार बेस्ट फ्रेंड्स, एक ब्रेकअप और उनके लाइफ का सबसे बड़ा रोड ट्रिप, एडवेंचर तो इसी को कहते हैं।

## बॉक्स ऑफिस में न कमाल कर सकीं और ना ही कमाई

# फेल हुईं ये फिल्में, निर्माताओं को लगा करोड़ों का चूना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड में हर साल न जाने कितनी फिल्में रिलीज होती हैं। कुछ फिल्में छोटे बजट की होकर धमाका कर जाती हैं तो कुछ भारी-भरकम बजट के बावजूद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। इस कड़ी में आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से लेकर शाहरुख खान की 'जीरो' तक कई नाम शुमार हैं। ये फिल्में ऐसी हैं, जिन्हें बनाने में निर्माताओं ने अच्छी-खासी रकम लगाई, लेकिन बदले में उन्हें करोड़ों रुपये का घाटा हो गया।



### 'बॉम्बे वेलवेट' और 'काइट्स'

अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉम्बे वेलवेट' का बॉक्स ऑफिस पर इतना बुरा हश्र होगा, किसी ने नहीं सोचा था। रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा की इस फिल्म का बजट 118 करोड़ रुपये थे और फिल्म ने केवल 43 करोड़ रुपये अपने खाते से जोड़े। उधर ऋतिक रोशन की 'काइट्स' भी बॉलीवुड की बुरी तरह फ्लॉप हुईं फिल्मों में शामिल है। 82 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह फिल्म महज 48 करोड़ रुपये कमा पाई थी।

### 'लाल सिंह चड्ढा' और 'जीरो'



फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' से दर्शकों को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म रिलीज हुई तो सबको जोर का झटका लगा। आमिर ने फिल्म बनाने में 180 करोड़ रुपये लगाए और फिल्म ने कमाए केवल 129 करोड़ रुपये। उधर 'जीरो' की असफलता से शाहरुख अभी तक नहीं उबर पाए हैं। वह कहते हैं कि वो इस फिल्म को याद ही नहीं करना चाहते। 200 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह फिल्म दुनियाभर में 191 करोड़ रुपये जुटा पाई थी।



### 'जोकर' और 'रंगून'

अक्षय कुमार और सोनाक्षी सिन्हा की 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'जोकर' का भी बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल हुआ था। 47 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने महज 35 करोड़ रुपये कमाए थे। उधर शाहिद कपूर और कंगना रनौत की फिल्म 'रंगून' को भी सुपर फ्लॉप फिल्म का तमगा मिला। 80 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने महज 40 करोड़ रुपये कमाए। हालांकि, फिल्म को लेकर खूब शोर मचा था।

### ये फिल्में भी हैं फेल होने वाली लिस्ट में शामिल

हाल-फिलहाल में आई बड़े बजट की सुपर फ्लॉप फिल्मों की बात करें तो इस फेहरिस्त में 'शमशेरा' समेत 'सम्राट पृथ्वीराज', 'सेल्फी' और 'गणपथ' जैसी कई फिल्में शामिल हैं। ये सभी वो फिल्मे हैं, जिनकी कहानी बॉक्स ऑफिस पर 3 दिन में ही खत्म हो गई।

## खबर संक्षेप



### उल्लास कार्यक्रम के तहत पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य

**बतौली/सेदम।** स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के तत्वाधान में एक विशेष कार्यक्रम उल्लास का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत साक्षरता का एक जन आंदोलन संचालित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से 2027 तक छत्तीसगढ़ को पूर्ण साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। बतौली से इस कार्यक्रम अंतर्गत उमेश कुमार गुप्ता बीपीओ को जिले का नोडल अधिकारी बनाकर प्रशिक्षण हेतु भेजा गया था। इस संबंध में उमेश कुमार गुप्ता ने बताया कि उल्लास कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ में हो रहा है । यह छत्तीसगढ़ सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। 26 से 28 फरवरी तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में सभी 33 जिले के जिला परियोजना अधिकारी, डाईट के व्याख्याता और दो रिसोर्स पर्सन सहित जिले से चार लोगों का प्रशिक्षण एससीईआरटी रायपुर में आयोजित था। यह कार्यक्रम सभी विभागों के समन्वय से संचालित होगा। उल्लास का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार जिला जनपद, ग्राम पंचायत, ग्राम, पारा, मोहल्ला, सरकारी और गैर-सरकारी अमला, पंचायत के जन प्रतिनिधि, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, मितानिन ,एनएलएम ,एईआरओ, स्व-सहायता समूह, विभिन्न समाज प्रमुख मिलकर करेंगे। राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक सभी विभागों को साथ मिलकर टीम भावना से कार्य करने हेतु आदेश जारी हो रहे है ।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म मामले में दो गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** ईंट भट्ठा में रहकर मजदूरी करने वाले माता पिता के साथ रह रही 13 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ ईंट भट्ठा में ही उसके मां पिता के साथ काम करने वाले अपचारी बालक व 19 वर्षीय युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।दुष्कर्म की घटना से नाबालिग की तबियत बिगड़ जाने के बाद मामले का खुलासा हुआ। नाबालिग के परिजनों की रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 363, 376 डी ए, 342 व पोक्सो अधिनियम की धारा 4, 6 का मामला पंजीबद्ध कर आरोपी बुतरू पण्डो 19 वर्ष निवासी भगवानपुर,गोपालपुर समेत वारदात में एक सहयोगी अपचारी बालक को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय पेश कर दिया है।पुलिस ने बताया कि घटना गत 26 फरवरी की है।

### बीच बचाव कर रहे युवक से मारपीट, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** तकिया रोड निवासी सूरज यादव आ. श्याम यादव शनिवार की दोपहर घर के समीप बैठा था। इसी दौरान मैदान में खडे दोस्त सकिर को केनाबांध निवासी रीनू व पियुष पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिसे देख सूरज यादव बीच बचाव किया तो उसकी भी जमकर पिटाई कर दी। घटना की रिपोर्ट सूरज ने कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी में वार्षिकोत्सव

# युवा लगन से पढ़ाई कर लक्ष्य को हासिल करें



आयोजन में उपस्थित स्वास्थ्य मंत्री।



उपस्थित लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

शासकीय लाहिड़ी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चिरमिरी का वार्षिकोत्सव केबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकिंकर पाण्डेय ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के पूर्व छात्र रहे केबिनेट मंत्री श्री जायसवाल को मुख्य अतिथि के रूप में पाकर महाविद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उन्होंने इस अवसर पर महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं खेलकूद, अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि यह महाविद्यालय मेरी मातृसंस्था है, यहीं से पढ़कर मैं आज जीवन में कुछ बन सका हूं।

उन्होंने महाविद्यालय में नवीन आडिटोरियम भवन के निर्माण सहित अन्य सुविधाओं के विस्तार की घोषणा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने जीवन के लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर भागवत प्रसाद दुबे ने कहा कि इस महाविद्यालय का एक गौरवशाली इतिहास रहा है, उस इतिहास को सुरक्षित रखते हुए आगे बढ़ाना आज की पीढ़ी की जिम्मेदारी है। उन्होंने महाविद्यालय में हो रही विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सुभाषचंद्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने छग की कला और संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए छात्र-छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय स्टाफ डॉ.रजनी सेठिया, सुभाष चंद्र चतुर्वेदी, डॉ. राज किशोर सिंह बघेल, जयसिंह, डॉ. प्रदीप सिंह, विरेन्द्र कुमार, प्रेमा कुजूर, अतिथि व्याख्याता विकास खटिक, डॉ. उमाशंकर मिश्र, भागवत प्रसाद जांगड़े, गिरीश दास, डॉ. रामनारायण पनिका, अनुराधा सहारिया, विजय बघेल, विमलेश, सौमित्र, फयाजुल मुस्तफा, मोहिनी राठौर, मंजीत सिंह, रश्मिता खुंटिया, अंकिता जायसवाल, आयुषी राय, प्रियबंदा शुक्ला, ज्ञानेन्द्र सहित सभी कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रिंस कुमार सिंह एवं दुर्गेश चतुर्वेदी ने किया।



वार्षिक सम्मेलन में उपस्थित विधायक व समाज के लोग।

## गोंड़ समाज के उत्थान के लिए विधायक ने दिए 20 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ खोडरी में समाज का चिंतन शिविर सह वार्षिक सम्मेलन

जिला मुख्यालय से लगभग 6 किमी की दूरी पर स्थित गोंड़वाना भवन प्रांगण खोडरी में गोंड समाज चिंतन शिविर सह वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े, विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, अध्यक्षता विजय सिंह ठाकुर, जनक सिंह उइके, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, वरिष्ठ समाज सेवक गंगा सिंह आयाम, आरपी सिंह, नर्मदा सिंह, सर्वजीत सिंह, सूर्यप्रताप सिंह, उपाध्यक्ष गोंड़ कोरिया रचनात्मक कल्याण समिति आदिवासी नीरा सिंह कुसरो उपस्थित रहे। वार्षिक सम्मेलन के दौरान अतिथियों ने कहा कि गोंड़ समाज अपनी वैभवशाली इतिहास, परंपरा, संस्कृति के कारण पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखता है। पूर्वजों ने हमें गौरवशाली पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था प्रदान करने का काम किया, जिससे हमारा समाज आज भी संचालित है। कुछ दशकों से वर्तमान आधुनिकीकरण के युग में गोंड़ समाज अपनी पारंपरिक रीति-रिवाज, संस्कृति से दूर होता जा रहा है। गांव में व्यक्तिगत मतभेद के कारणों से लोगों के बीच दूरियां देखने को मिल रही है और कहीं न कहीं लोग सामुदायिक व्यवहारिक सोच से दूर होते चले जा रहे हैं। बच्चों के ऊपर से परिवार के मुखिया का अंकुश दबाव कम होता जा रहा है, गांव के मुखिया के रूप में कोई भी गांव प्रमुख अपने दायित्वों को निर्वहन करने में सक्षम नजर नहीं आ रहे। ऐसा ही हाल जिला और जनपद स्तर पर भी देखने को मिलता है। यदि ऐसा ही चलता रहा, तब वो दिन दूर नहीं जब गोंड़ समाज अपनी पारंपरिक रीति-रिवाज परंपरा के विलुप्ति के कगार पर पहुंच जाएगा। वर्तमान में हमें समाज के विकास के लिए सतत चिंतन एवं प्रयास करते रहने की आवश्यकता है, इसलिए सभी मिलकर एक कदम सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक रूप से अपने समाज को सशक्त एवं संगठित करने के लिए आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं। सम्मेलन में कार्यकर्ता देवशरण सिंह, खेल सिंह, मोहन सिंह, रमेश टेकाम, धर्मराज, सतेन्द्र सिंह, रिंकू, गोपाल कमरो, भूपसाय, राजेन्द्र पावले सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विधायक ने की 20 लाख की घोषणा

सम्मेलन के दौरान विधायक बैकुंठपुर भईयालाल राजवाड़े ने बैमा कांड की निंदा की और दोषियों को फांसी देने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने गोड़ समाज के उत्थान के लिए 20 लाख रूपए देने की घोषणा की। वहीं पाली तानाखार के विधायक तुलेश्वर सिंह मरकाम के द्वारा गोड़ समाज उत्थान के विषय में बात रखी गई।



पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से बेमौसम वर्षा

## आगामी 48 घंटे तक विक्षोभ के प्रभावी रहने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से एक बार फिर से मौसम के तेवर बदल गए हैं। विक्षोभ के प्रभाव से रूक-रूक कर तेज हवाएं चली साथ ही बेमौसम वर्षा हुई। मौसम कार्यालय द्वारा 3.7 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। मौसम विज्ञानी आगामी 48 घंटे तक विक्षोभ के सक्रिय रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

हाल में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री सेल्सियस के निकट पहुंच गया था। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को रात का तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 13.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। मौसम विभाग ने शनिवार को येलो अलर्ट जारी करने के साथ ही तेज आंधी एवं गरज-चमक के साथ वर्षा होने की चेतावनी जारी की थी लेकिन शनिवार को मौसम साफ रहा तथा धूप भी निकली। दोपहर बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हुई। भोर में तेज हवा के साथ हल्की वर्षा हुई। सुबह भी काफी देर तक वर्षा होती रही। मौसम कार्यालय द्वारा सुबह 8.30 बजे 3.7 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। कुछ देर बाद मौसम साफ हो गया तथा अच्छी धूप भी निकली। मौसम विज्ञानी अभी भी विक्षोभ के सक्रिय रहने एवं ऊपर आसमान पर छाए बादलों के प्रभाव से आगामी 48 घंटे तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहने एवं गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं वर्षा होने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम विज्ञानी एसके मंडल ने बताया कि वर्तमान में पछुआ विक्षोभ सरगुजा संभाग पर केंद्रित है। विक्षोभ आगामी 48 घंटे तक प्रभावित रहेगा जिसके कारण मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहेगा। इस दौरान धूप निकलने के बाद कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने एंव हल्की वर्षा होने की संभावना है।

### चक्रवात की सक्रियता से हुई जमकर बारिश

**बलरामपुर।** चक्रवात की सक्रियता से एक बार फिर से मौसम में बदलाव हुआ है। दो दिनों की कड़ी धुप के बाद आज फिर से तेज हवाओं के साथ रुक रुक कर बारिश हुई। जिला मुख्यालय समेत जिलेभर में मौरम में हुए बदलाव के कारण बारिश हुई। दोपहर तीन बजे तक क्षेत्र में बारिश होती रही। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और ठंड में वृद्धि हुई है। इस बारिश से रवि की फसलों को फायदा होने की बात कही जा रही लेकिन खलिहानों में रखे गए दलहन, तिलहन फसलों को बारिश से नुकसान पहुंचने की बात कही जा रही है।

## यूनिवर्सल स्कूल में हेल्थ चेकअप का आयोजन



बच्चों की स्वास्थ्य जांच करते चिकित्सक।

**मनेन्द्रगढ़।** यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत बच्चों का हेल्थ चेकअप और सिकलिंग परीक्षण डॉक्टर प्रतीक सोनी एएमओ, एएमओ डॉक्टर श्वेता यादव, एलटी कुमारी निशा, एएनएम श्रीमती श्रवरणा त्रिवेदी द्वारा किया गया। विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षकों ने भी परीक्षण करवाया। प्रशिक्षण का उद्देश्य समय पर बीमारी की पहचान कर उनका समय पर इलाज कर उसे पर नियंत्रण करना, विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार पांडे ने कहा कि समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम का आयोजन होते रहने से बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य के साथ ही साथ-साथ शारीरिक विकास भी होगा।

## खेल संघ की हुई बैठक, जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़



खेल संघ के पदाधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

जिले में खेलों के विकास एवं अधोसंरचना को विकसित करने के उद्देश्य से कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने सभाकक्ष में जिले के खेल अधिकारी, कोच, सहायक कोच, व्यायाम शिक्षक तथा खेल संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में उन्होंने बताया कि जिले में भारतीय खेल प्राधिकरण साई केन्द्र की स्थापना किया जाना प्रस्तावित है, इसके बाद उन्होंने जिले में संचालित होने वाली खेल गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए मनेन्द्रगढ़ और चिरमिरी में जितने भी स्टेडियम ग्राउंड है उनकी सूची तैयार करने तथा उनका चिन्हांकन करने के निर्देश दिए, जिससे भविष्य में आउट डोर गेम जैसे खो-खो, कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और फुटबॉल तथा इनडोर गेम कैरम, लूडो, शतरंज, टेबल टेनिस, स्क्रैबल, बैडमिंटन तथा एथलेटिक्स खेल जैसे ट्रैक और फील्ड, रीले रेस, रोड रनिंग, क्रॉस कंट्री रनिंग और रेस वॉकिंग प्रतियोगिताओं को शामिल किया गया है, उनके लिए अधोसंरचना तैयार किया जा सके। जिले के खिलाड़ी संभाग स्तर, राज्य स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में भाग लेते हैं तो ऐसे खिलाड़ियों की जानकारी तैयार करें। जिले में जितने भी प्रकार खेल प्रतियोगिता होती है चाहे वह सामूहिक हो या एकल हो, सभी खेलों के खेल कैलेण्डर की जानकारी होनी चाहिए, जिससे जिले में कौन सी प्रतियोगिता कब और कहां पर आयोजित हो रही है की जानकारी रहे। उन्होंने जिले में खेल प्रतियोगिता आयोजित करने वाली संस्थाओं को साल में 2 से 3 बार प्रतियोगिता आयोजन कराने कहा। उन्होंने 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा खेल दिवस 29 अगस्त जैसे अवसरों पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मान देने के लिए कहा। इस दौरान मार्शल आर्ट तथा पावर लिफ्टिंग के खिलाड़ियों के द्वारा सामग्री एवं जिम की मांग की। इस दौरान खेल अधिकारी गोपाल सिंह, उतरा चेलकर, आशीष अग्रवाल, नरेन्द्र सिंह रैना, धर्मेन्द्र दास, अजय कुमार चौहान, शैलेष कुमार जैन, नरोत्तम शर्मा, गोपाल दास, कमल सिंह नाथ, शिव कुमार चौधरी, संजीदा खातून, सलिता पनाड़िया, विनय राय, असजद रजा, धर्मराज यादव, अनिता तिर्की, निलेश खलखो, रमेश सिंह, सुमित कुमार जायसवाल, बलराम त्रिपाठी, प्रकाश भगत, किशोर कुमार साहू, गोविंद कुमार, हितेश कुमार, रणधीर ठाकुर, जोय कश्यप, पूरम कश्यप, रामदेव सहित खेल से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाएं उभरकर आती हैं सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



कबड्डी खेल हमारा सदियों पुराना खेल है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज कबड्डी खेल का अपना एक अलग पहचान होता है। जीवन को स्वस्थ्य बनाए रखने में खेल काफी सहायक होती है। उक्त बातें सूरजपुर जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने ग्राम पंचायत जयनगर के गोपालपुर में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य आतिथ्य की आसंदी से व्यक्त करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि गोपालपुर में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता प्रतिवर्ष कराई जाती है, जिसके लिए आयोजन समिति बधाई के पात्र हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभाएं उभरकर सामने आती हैं। साथ ही आमजन का भरपूर मनोरंजन होता है। स्पर्धा के समापन अवसर पर सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव विशिष्ट अतिथि बिश्रामपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता, वेद प्रकाश मिश्र, नीरज सिंह, सरपंच विजय सिंह, सचिव सियाराम राजवाड़े, हर्राटिकरा उपसरपंच रूपनारायण राजवाड़े, बंधु राम बिंझिया, रोजगार सहायक किरणचंद व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा फाइनल मैच खेलने वाले जयनगर व पचीरा टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत कराई गई। इसमें रोमांचक मुकाबले में पचीरा टीम ने जयनगर टीम को 23 - 15 अंक के अन्तर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।




**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)**
**//ईश्तहार//**

क्रमांक/ /वाचक 2/2021
बैकुण्ठपुर, दिनांक 28/2/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम जमनीपारा की आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका शिवप्रसाद पिता/पति स्व. सुखलाल जाति कुम्हार निवासी जमनीपारा तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया के द्वारा स्व. रनमत निवासी जमनीपारा का जन्म/मृत्यु दिनांक 30/7/2019 को होने के कारण जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 13/3/24 को 11:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 28/2/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार चिरमिरी, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक/Q/वाचक/2024
चिरमिरी, दिनांक 19/02/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासी/नगरवासी ग्राम कोरिया कॉलरी प.ह.न. 04 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी के आम जनता को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुषमा यादव आ. स्व. धर्म सिंह उम्र वर्ष जाति यादव निवासी ग्राम कोरिया कॉलरी प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. व तहसील चिरमिरी, जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा अपने पति स्व. धर्म सिंह की मृत्यु ग्राम कोरिया कॉलरी में दिनांक 07/09/2003 को हो गई थी, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्राप्त करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत उक्त जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने पर किसी भी व्यक्ति, संस्था समूह अथवा निकाय को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो दिनांक 05/03/2024 को स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

19/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालीन पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**चिरमिरी**
**जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.)**

### विस चुनाव में जीत दिलाई, अब लोस के लिए कमर कसने की जरूरत

**राजपुर।** भाजपा किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति की बैठक संभागीय प्रभारी टीकाराम पटेल, जिला प्रभारी आकाश गुप्ता, जिला अध्यक्ष मुन्नालाल चौधरी, किसान मोर्चा महामंत्री दीनानाथ यादव, जिला के उपाध्यक्ष अजीत सिंह प्रदेश कार्यसमिति की मौजूदगी में आयोजित की गई। इस दौरान संभागीय प्रभारी श्री पटेल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में किसान मोर्चा ने मेहनत की है और अब लोकसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कसने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को आगामी आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी वर्गों से जुड़कर भाजपा प्रत्याशी को जीतने का आह्वान करते हुए सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से घर घर जाकर सम्पर्क करने की बात कही। जिला प्रभारी आकाश गुप्ता ने लोकसभा चुनाव में कंधे से कंधा मिलाकर भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने का आह्वान किया है।

## पेज 1 का शेष

### पूरी एकजुटता के ...

मीनू सिंह, जमील शाह, प्रतिमा पटवा, प्रवीण सिंह, राजेश विश्वकर्मा सहित समस्त कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे। बैकुंठपुर भाजपा जिला कार्यालय में हुई बैठक-सोमवार को एमसीबी जिले के चिरमिरी और मनेन्द्रगढ़ में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने के बाद लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे शाम करीब 5:15 बजे जिला मुख्यालय बैकुंठपुर पहुंची। यहां आतिशबाजी के साथ उनका जोशिला स्वागत किया गया। महिला मोर्चा के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा एवं तिलक लगा आरती उतारी। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कही गई। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, लोकसभा प्रभारी धरमलाल कौशिक, विधायक भईयालाल राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिलाध्यक्ष द्वय केबी जायसवाल, अनिल केसरवानी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चिरमिरी पहुंचने पर ...

बैठक को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के बीच जोश भरते हुए कहा कि हम सब चुनाव की एक पारी सफलता पूर्वक जीत चुके हैं और दूसरी पारी भी जीतना है। मेहनत करने पर हमें और ऊर्जा की प्राप्ति होती है, हमें इस क्षेत्र के लिए एक ऐसी प्रत्याशी मिली है, जो महापौर से लेकर के सांसद तक का सफर तय कर चुकी हैं। महिला मोर्चा के कई पदों पर कार्य करते हुए वर्तमान में पार्टी द्वारा कोरबा लोकसभा से प्रत्याशी बनाया गया है। आवश्यकता है सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए हमें यह सीट भी भारी बहुमत से जीतना है और 400 के ऑकड़े को पार करना है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी, मंडल अध्यक्ष डमरू बेहरा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रघुनंदन यादव, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम चिरमिरी संतोष सिंह, प्रेरमकांत झा, डॉ. गौतम विश्वास, संजीत झा, धर्मेन्द्र त्रिपाठी,विजय सिंह, बब्लू शर्मा, महिला नेत्री नीलम सालुजा, गौरी हथगैन, सुनीता सिंह, पार्षद पुष्पा सिंह, प्रतिमा ब्राजात्या सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास...

चबूतरे की गुणवत्ता सुधारने के लिए निर्देशित किया। नियमानुसार मुआवजा मिलेगा-बचरापोंड़ी क्षेत्र में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खराब हुए फसलों का कलेक्टर श्री लंगेह 4 मार्च को निरीक्षण किए। उन्होंने ग्राम पोड़ी में किसानों के खेत में पहुंच कर गेहूं फसल की स्थिति देखी तथा बोनी क्षेत्रफल, फसल क्षति रकबा भी देखा तथा राज्य अधिकारियों से मुआवजा आंकलन की प्रक्रिया आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने राजस्व निरीक्षक व पटवारियों से फसल नुकसान का सर्वे गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए, जिससे किसानों को शासन के नियमानुसार मुआवजा राशि का वितरण किया जा सके।

